# कार्यालय नगर विकास न्यास, सीकर

सर्किट हाउस के पास, जयपुर रोड़, सीकर–332001

ई–मेल uit.sikar@rajasthan.gov.in, फोन नं. 01572–245057

क्रमांकः– नविन्यास / नियमन / 2024–25 / 00691 दिनांकः– 24.12.2024

**प्रेषितीः–**

1. **सुल्तान सिंह पुत्र श्री पदमा राम जाति जाट निवासी वार्ड नं. 02 हदरयालपुरा, सीकर।**
2. **रामकरण चौधरी पुत्र श्री पदमा राम जाति जाट निवासी हरदयालपुरा सीकर।**
3. **राहुल मंगावा पुत्र श्री सुल्तान सिंह जाति जाट निवासी वार्ड नं. 02 हरदयालपुरा सीकर**

विषयः– राजस्व ग्राम हरदयालपुरा तह. सीकर के खसरा नम्बर 1062 / 995 रकबा 0.3800 है., 1061 / 995 रकबा 0.9000 है. व खसरा नम्बर 146 रकबा 0.0200 है. कुल रकबा 13000.00 वर्गमीटर में से 12948.00 वर्गमीटर (मौके पर उपलब्धानुसार) भूमि में राज नगर स्कीम–5 आवासीय योजना के अनुमोदन बाबत।

उपरोक्त विषयान्तर्गत आप द्वारा राजस्व ग्राम हरदयालपुरा तह. सीकर के खसरा नम्बर 1062 / 995 रकबा 0.3800 है., 1061 / 995 रकबा 0.9000 है. व खसरा नम्बर 146 रकबा 0.0200 है. कुल रकबा 13000.00 वर्गमीटर में से 12948.00 वर्गमीटर (मौके पर उपलब्धानुसार) भूमि में राज नगर स्कीम–5 आवासीय योजना को टाउनशिप पॉलिसी 2010 की पालना सुनिश्चित करते हुए निम्नांकित शर्तों के अध्यधीन विकसित किए जाने की स्वीकृति प्रदान की जाती हैः–

1. रेरा (RERA) में रजिस्ट्रेशन करवाने के उपरान्त ही भूखण्डों का विक्रय / बेचान किया जावे।
2. योजना संलग्न अनुमोदित मानचित्रानुसार ही विज्ञ तकनिकीविद की देख–रेख में विकसित की जावेगी। सर्वप्रथम अनुमोदित प्लान अनुसार सम्पूर्ण योजना के चारों और सुरक्षा दिवार बनायी जाकर न्यास को सूचित करना होगा।
3. समस्त विकास कार्य टाउनशिप पॉलिसी 2010 के निर्धारित मापदण्डों के अनुसार ही किये जाने होगें तथा नियमों की कठोरता से पालना की जानी आवश्यक है।
4. वाटर ड्रेनेज, ओवर हैड टैंक एवं सीवरेज लाईन हेतु राशि न्यास कोष में जमा करवाई गई है।
5. टाउनशिप पॉलिसी 2010 के अनुसार 2.00 है. तक की योजनाओं के लिए 18 माह की अवधि आन्तरिक विकास कार्यों के लिए निर्धारित है।
6. योजना का अनुमोदित मानचित्र योजनास्थल पर बड़े पटल पर प्रदर्शित करना होगा।
7. भू–खण्डों का सीमांकन किया जाकर भू–खण्ड संख्या अंकित किया जाना होगा।
8. योजना में वृक्षारोपण भवन विनियम 2020 के अनुसार ही किया जाना होगा।
9. आन्तरिक विकास कार्यों के एवज में 12.50 प्रतिशत (भूखण्ड संख्या 5, 6, 7, 8, 9 व 11 कुल भू–खण्ड–6) भू–खण्डों का न्यास के पक्ष में रहननामा सम्पादित किया गया है एवं इस आशय का एक बोर्ड भी योजना में चस्पा किया जाना आवश्यक है।
10. विकासकर्ता को सम्पूर्ण कार्य होने के उपरान्त 3 वर्ष तक Maintenance किया जाना आवश्यक होगा। (Maintenance charges may be recovered by developer from the allotees).
11. बोरिंग / ट्यूबवेल / पाईपलाईन को नियमानुसार पी.एच.ई.डी. को हस्तान्तरण (Hand over) किया जाना होगा।
12. योजना में विद्युतिकरण का कार्य स्टेट इलेक्ट्रीसिटी रूल्स के निर्धारित मापदण्डानुसार किया जाकर ए. वि.वि.एन.एल. को हस्तान्तरण किया जाना होगा।

संलग्नः– अनुमोदित योजना मानचित्र।

Signature valid

(जगदीश प्रसाद गौड़)

सचिव

नगर विकास न्यास, सीकर

Digitally signed by Jagdish Prasad Gour
Designation : Secretary
Date: 2024.12.24 18:35:09 IST
Reason: Approved

# RAJ NAGAR SCHEME-5

**LAYOUT PLAN OF KHASRA NO.- 1061/995, 146, 1062/995, HARDAYALPURA, SIKAR**
**REVENUE VILL.-HARDAYALPURA, TEH.- SIKAR & DIST.- SIKAR(RAJ.)**
**FOR-90-A & REDIDENTIAL SCHEME**
**APPLICANT:- 1. SULTAN SINGH S/O PADAMA RAM**
**2. RAMKARAN CHOUDHARY S/O PADAMA RAM**
**3. RAHUL MANGAWA S/O SULTAN SINGH**




**URBAN IMPROVEMENT TRUST SIKAR**



**KEY-PLAN**
**Not To Scale**

AREA ANALYSIS

| S.N. | LAND USE | AREA (sq.mtr.) | % |
|---|---|---|---|
| 1. | RESIDENTIAL | 8881.82 | 68.60% |
| 2. | INFORMAL COMMERCIAL | 0170.40 | 01.32% |
| 3. | MOBILE TOWER | 0038.65 | 00.30% |
| 4. | AREA SURR. IN 18.00 M. ROAD | 0354.17 | 02.73% |
| 5. | ROAD | 3502.96 | 27.05 % |
| | TOTAL | 12948.00 | 100.00 % |

SCHEME PLOTS DETAIL

| | | |
|---|---|---|
| 1. | PARTICULARS | NO. |
| 2. | RESIDENTIAL PLOTS | 47 |
| 3. | INFORMAL COMMERCIAL | 5 |
| 4. | MOBILE TOWER | 2 |

| | |
|---|---|
| - - - - - - - | SCHEME BOUNDARY |
| . . . . . . . | KHASRA LINE |
| ——————— | PLOT BOUNDARY |
| (red) | SURR. AREA IN 18.00 METER ROAD |

NOTE : ALL DIMENSIONS ARE IN METER

SCALE-1 C.M. =7.0 MTR

राजस्व आख्या

इस ले आउट प्लान में ABCDEFGHA से प्रदर्शित योजना क्षेत्र का राजस्व रिकॉर्ड से मिलान किया जो लगभग अनुरूप है। खसरा नं. 148 व 1007/732 मौके पर रास्ता/सड़क विद्यमान है एवं ख.नं. 996/731 मौके पर निजी खातेदार के नाम दर्ज है। जो मौके पर ... है।

25/10/2024
ILR UIT



GOOGLE EARTH MAP

योजना का नाम RAJNAGAR SCHEME-5 का ले-आउट आज दिनांक 25/10/24 को लेआउट प्लान कमेटी द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 25/10/2024<br>उप नगर नियोजक<br>नगर सुधार न्यास<br>सीकर | 25/10/24<br>बी.एल. ...शर्मा<br>अधिशाषी अभियन्ता<br>न.वि. न्यास, सीकर | 25-10-2024<br>सचिव<br>नगर विकास न्यास, सीकर | TOTAL AREA IN KH. NO. 1061/995 = 9000.00 SQ. MTR<br>TOTAL AREA IN KH. NO. 146 = 200.00 SQ. MTR<br>TOTAL AREA IN KH. NO. 1062/995 = 3800.00 SQ. MTR<br>TOTAL AREA FOR CONVERSION= 13000.00 SQ. MTR<br>AVAILABLE AREA AT SIDE = 12948.00 SQ. MTR |